# Series–B

Roll No........................

Total No. of Questions–9] [Total No. of Printed Pages–15

**A–903–B–X–2325**

# HINDI

Time Allowed—3 Hours Maximum Marks—80

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**विशेष निर्देश :**

(i) अपनी उत्तर–पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न–पत्र सीरीज अवश्य लिखिये।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िये।

(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(v) सफाई (लिखाई/सुलेख) का विशेष ध्यान रखिये।

(vi) खण्ड-क में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उत्तरपुस्तिका में दी गई OMR Sheet पर ही दीजिए।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

$16 \times 1 = 16$

(क) हिन्दी भाषा के कितने अंग हैं।

(a) चार

(b) तीन

(c) दो

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

(ख) "बादल घिर आए और बारिश होने लगी।" रचना की दृष्टि से वाक्य हैं।

(a) सरल

(b) आज्ञावाचक

(c) निषेधवाचक

(d) संयुक्त।

(ग) श्याम को पुस्तक पढ़नी है यह किस वाच्य में हैं।

(a) भाववाच्य

(b) कृर्तवाच्य

(c) कृर्त व कर्म वाच्य

(d) कर्म वाच्य।

(घ) लेख लिखा गया। वाक्य की पहचान कीजिए।

(a) कृर्तवाच्य

(b) कर्मवाच्य

(c) भाववाच्य

(d) इनमें से कोई नहीं।

(ङ) राम अपने घर से अभी आया। रेखांकित पद का परिचय होगा।

(a) संज्ञा

(b) सर्वनाम

(c) विशेषण

(d) निपात।

(च) अति + आचार की सन्धि है।

(a) अत्याचार

(b) अतिचार

(c) अत्यिचार

(d) अत्चिार।

(छ) "नमस्ते" का सन्धि विच्छेद है।

(a) नमः + ते

(b) नमः + स्ते

(c) नम् + सते

(d) नः + मस्ते।

(ज) लवकुश में प्रयुक्त समास कौन सा है?

(a) द्विगु

(b) तत्पुरुष

(c) द्वन्द्व

(d) कर्मधारय।

(झ) "रेलगाड़ी" का समस्त पद का सही विग्रह है।

(a) रेल से चलने वाली गाड़ी

(b) रेल पर चलने वाली गाड़ी

(c) पटरी पर चलने वाली गाड़ी

(d) रेल और गाड़ी।

(ञ) "प" का उच्चारण स्थान बताइए।

(a) कंठ

(b) तालु

(c) नासिका

(d) ओष्ठ।

(ट) भापा की तीन परस्पर सापेक्ष इकाइयाँ हैं।

(a) पद

(b) वाक्य

(c) उपवाक्य

(d) वर्ण, शब्द, वाक्य।

(ठ) दिनेश लंबा लड़का है विशेषण शब्द है।

(a) दिनेश

(b) लंबा

(c) लड़का

(d) उपर्युक्त तीनों।

(ड) "प्रबल" शब्द में "प्र" हैं।

(a) प्रत्यय

(b) उपसर्ग

(c) परसर्ग

(d) इनमें से कोई नहीं।

(ढ) कैप्टन क्या काम करता था?

(a) पान बेचने का

(b) चश्मे बेचने का

(c) अध्यापन

(d) इनमें से कोई नहीं।

(ण) नवाब साहब अपने साथ खाने को क्या ले गये थे?

(a) आम

(b) सेब

(c) मूली

(d) खीरा।

(त) नेता जी के चेहरे पर कैसा चश्मा था?

(a) संगमरमर

(b) सचमुच का चश्मा

(c) मिट्‌टी का

(d) इनमें से कोई नहीं।

## खण्ड-ख

2. निम्नलिखित पठित गद्याँश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव अपने शब्दों में दीजिए: 5×2=10

नवाब साहब ने सतृष्ण आँखों से नमक-मिर्च के संयोग से चमकली खीरे की फाँकों की ओर देखा। खिड़की के बाहर देखकर दीर्घ निश्वास लिया। खीरे की एक फाँक उठाकर होठों तक ले गए। फाँक को सूंघा। स्वाद के आनंद में पलकें मूंद गई। मुंह में भर आए पानी की घूंट गले से उत्तर गया। तब नवाब साहब ने फाँक को खिड़की से बाहर छोड़ दिया। नवाब साहब खीरे की फाँकों को नाक के पास ले जाकर, वासना से रसास्वादन कर खिड़की के

P. T. O.

बाहर फेंकते गए। नवाब साहब ने खीरे की सब फाँकों को खिड़की के बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और ओंठ पोंछ लिए और गर्व से गुलाबी आंखें से हमारी और देख लिया।

(क) सतृष्ण आँखों से लेखक का क्या अभिप्राय है?

(ख) नवाब साहब ने खीरा खिड़की से बाहर क्यों फैंका?

(ग) नवाब की आँखें क्यों मुंद गई?

(घ) पाठ व लेखक का नाम बताइए।

(ङ) नवाब साहब ने खीरे की फाँकों को कहाँ रखा?

3. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए: $5 \times 2 = 10$

छू गया तुमसे कि झरने लग पड़े शेफालिका के फूल

बाँस था कि बबूल?

तुम मुझे पाए नही पहचान?

देखते ही रहोगे अनिमेष!

थक गए हो।

आँखें लूँ मैं फेर?

क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार?

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ख) बच्चे के शरीर के स्पर्श मात्र से क्या झड़ने लगा था?

(ग) "बाँस था कि बबुल" की प्रतीकात्मकता स्पष्ट कीजिए।

(घ) कवि को कौन नहीं पहचान पाया था?

(ङ) अनिमेष का अर्थ क्या है?

4. निम्नलिखित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दीजिये: $3 \times 3 = 9$

(क) कृष्ण के प्रति अपने अनन्य प्रेम को गोपियों ने किस प्रकार अभिव्यक्त किया है?

(ख) "वो लंगडा क्या जाएगा फौज में। पागल है पागल" कैप्टन के प्रति पान वाले की इस टिप्पणी पर आपकी क्या प्रतिक्रिया है?

(ग) लक्ष्मण ने वीर योद्धा की क्या-क्या विशेषताएं बतायी है?

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिये: $2 \times 4 = 8$

(क) प्रकृति ने जल-सँचय की व्यवस्था कैसे की है?

(ख) लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया?

(ग) "माता का आँचल" शीर्षक की उपयुक्तता बताते हुए कोई अन्य शीर्षक बताओ।

## खण्ड-ग

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर अपने शब्दों में लिखिए: 5

राधा व रश्मि के बीच सवेरे स्कूल जाने से पहले की बातचीत को अपने शब्दों में लिखिए।

**अथवा**

विद्यालय में पर्यावरण दिवस मनाने की सूचना लिखिए।

7. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर अपने शब्दों में लिखिए: 2½,2½

समास किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? व्याख्या उदाहरण सहित कीजिए।

**अथवा**

वाक्य किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? उदाहरण सहित व्याख्या कीजिए।

8. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर अपने शब्दों में लिखिए:

अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को खेल का सामान उपलब्ध करवाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने छोटे भाई को कुसंगति से दूर रहने के लिए पत्र लिखिए। 2,3,2

9. निम्नलिखित दिये गये विषयों में से किसी **एक** विषय पर निर्देशित बिन्दुओं के आधार (200-250 शब्दों में) निबन्ध लिखिये: 2,2,2,2,2

(क) प्रातःकाल का भ्रमण: भूमिका, प्रकृति का श्रेष्ठफल-उषाकाल का महत्त्व, सैर न करने से हानियाँ, उपसंहार।

(ख) बेरोजगारी: भूमिका, राष्ट्र प्रगति–हर हाथ की जरूरत, नौकरी व रोजगार में अन्तर, औद्योगीकरण, उपसंहार।

(ग) दीपावली: भूमिका, मनाने का कारण, मनाने का ढ़ग, संदेश व सुझाव, उपसंहार।